an>

Title: Regarding cancellation of mining tender near village Aura at Bange river.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतगत जनपद चित्रकूट के तहसील कर्वी के ग्राम ओरा के पास बांगै नदी में लिफ्ट केनाल के पास खनन माफियाओं ने बालू निकालने का पट्टा प्राप्त कर लिया है। वहां पर बड़ी-बड़ी मशीनों से गहरा कर बालू निकाला जा रहा है। फलस्वरूप जिस धार पर पंप हाऊस लगा है, उससे नदी की धार बदल जाएगी। इससे वह बड़ी पुरानी सिंचाई परियोजना नÂट हो जाएगी। इस परियोजना से दर्जनों ग्रामों की हजारों एकड़ फसल की संचाई होती है। किसान कई दिनों से उस स्थल पर इकट्ठे हो कर धरना दे कर विरोध प्रकट कर रहे हैं। बालू माफिया उनको डरा-धमका रहे हैं। उनके खिलाफ झूठे मुकदमें भी लिख रहे हैं। प्राशासन ने जन दबाव को देखते हुए खनन कार्य को अस्थायी रूप से रुकवा दिया है। लेकन खनन माफियाओं की मशीनें अभी भी वहीं खड़ी हैं। दर्जनों असलहाधारी अराजकतत्व वहां पर उपस्थित है तथा खनन की योजना में हैं। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उक्त खनन पट्टे को निरस्त कराने की कृपा करें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि पम्प हाउस के आसपास 1 किलो मीटर तक कोई खनन कार्य न हो।

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): महोदया, मैं यहाँ से बोलने की अनुमति चाहूँगा।

माननीय अध्यक्ष : हाँ, बोलिए। आज सबको अनुमति है।